मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग
मंत्रालय,
वल्लभ भवन, भोपाल – 462004

क्रमांक एफ 11-06/2020/1/9 भोपाल, दिनांक 8/7/2020

प्रति,

अपर मुख्य सचिव/ प्रमुख सचिव/ सचिव
मध्यप्रदेश शासन
शासन के समस्त विभाग, मंत्रालय
भोपाल।

विषय :- मध्यप्रदेश शासन की ई-मेल नीति 2014 के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में ।

संदर्भ :- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग का आदेश क्रमांक एफ 3-2/2013/56 दिनांक 30 मई, 2014 एवं दिनांक 26/05/2015 तथा पत्र क्रमांक एफ 03-1/2017/41-2 दिनांक 02/05/2018, 18/11/2019, 09/01/2020 एवं सामान्य प्रशासन विभाग का पत्र क्रमांक एफ 11-39/2015/1/9 दिनांक 02/11/2015

प्रदेश में सुशासन की परिकल्पना को साकार करने की अवधारणा को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा ई-मेल नीति 2014 लागू की गई है । ई-मेल नीति के मूल उद्देश्यों एवं नीति के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संदर्भित पत्रों द्वारा दिशा-निर्देश जारी किये गये है । ई-मेल नीति में शासकीय कार्यालयों में त्वरित संचानर के माध्यम की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए ई-मेल द्वारा किये गये पत्राचार एवं संवादों को वैधानिक रूप प्रदान किया गया है ।

2/- ई-मेल आईडी के निर्माण की प्रक्रिया से संबंधित आवश्यक प्रपत्र www.mail.mp.gov.in पर उपलब्ध है । ई-मेल नीति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नीति के प्रावधानों के अनुरूप विभागों द्वारा नामांकित सक्षम प्राधिकारियों/नोडल अधिकारियों को मूलभूत दायित्व सौंपे गये हैं ।

3/- सामान्य प्रशासन विभाग के संदर्भित पत्र दिनांक 02/11/2015 द्वारा मध्यप्रदेश शासन की ई-मेल नीति के अनुरूप समस्त कार्यालयों के अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा कार्यालयीन पत्राचार ई-मेल आईडी के माध्यम से किये जाने एवं शासकीय सूचना के अदान-प्रदान हेतु राज्य ई-मेल सेवा पर निर्मित अधिकारिक ई-मेल आईडी (नाम-पदनाम आधारित) का ही उपयोग अनिवार्य होने तथा अन्य सेवा प्रदाता के ई-मेल आईडी का उपयोग करने पर उत्तरदायित्व निर्धारण के निर्देश दिये है ।

निरन्तर 02/-

4/- विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के पत्र दिनांक 18/11/2019 द्वारा ई-मेल नीति के क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यकता होने पर ई-मेल हेल्प डेस्क नं. 0755-2769825 अथवा emailmp@mp.gov.in पर संपर्क किये जाने तथा विभाग एवं उसके अधिनस्थ विभागाध्यक्ष कार्यालय/संस्थानों/जिलाध्यक्ष/संभागायुक्त कार्यालयों/जिला पंचायतों में निर्मित किये गये ई-मेल खातों की संख्या से emailmp@mp.gov.in पर अवगत कराने व ई-मेल निर्माण के शेष कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

5/- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 11/02/2020 को आयोजित राज्य स्तरीय इन्फॉरमेशन सिक्यूरिटी स्टीयरिंग कमेटी (ISSC) की बैठक में समिति द्वारा निर्देश दिये गये है कि समस्त कार्यालयीन पत्र संचार मध्यप्रदेश राज्य ई-मेल नीति 2014 के अनुसार ही शासकीय ई-मेल आईडी के माध्यम से किए जाये। अत: समिति द्वारा लिये गये उपरोक्त निर्णय के पालन में एवं संदर्भित पत्रों द्वारा जारी दिशा-निर्देश अनुसार आपके विभाग एवं अधिनस्थ विभागाध्यक्ष कार्यालय/निगमों/संस्थानों में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों जिनके ई-मेल आईडी निर्मित नहीं हुए है, उनके ई-मेल आईडी निर्माण करते हुए समस्त कार्यालयीन पत्राचार शासकीय ई-मेल आईडी के माध्यम से करने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें।

06/07/2020

(सुनील मड़ावी)
अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग

पृ. क्रमांक एफ 11-06/2020/1/9 भोपाल, दिनांक 8/7/2020

प्रतिलिपि :

1. सचिव, महामहिम राज्यपाल, राजभवन, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. प्रमुख सचिव, माननीय मुख्यमंत्री जी, मध्यप्रदेश शासन, मंत्रालय भोपाल।
3. माननीय मंत्री/राज्यमंत्री के निज सचिव/निज सहायक, मध्यप्रदेश, भोपाल।
4. सचिव (समन्वय), मुख्य सचिव कार्यालय, मंत्रालय, भोपाल।
5. अध्यक्ष, मध्यप्रदेश व्यावसायिक परीक्षा मण्डल/अध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मण्डल, भोपाल।
6. महानिदेशक, प्रशासन अकादमी, मध्यप्रदेश, भोपाल।
7. प्रमुख सचिव, मध्यप्रदेश विधानसभा सचिवालय, भोपाल।
8. रजिस्ट्रार जनरल, उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर।
9. समस्त सभांगायुक्त, मध्यप्रदेश।
10. समस्त जिला कलेक्टर, मध्यप्रदेश।

निरन्तर 03/-

11. सचिव, लोकायुक्त, मध्यप्रदेश, भोपाल।
12. सचिव, मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग, इन्दौर।
13. मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/सचिव राज्य निर्वाचन आयोग, म.प्र., भोपाल।
14. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जिला पंचायत, मध्यप्रदेश ।
15. महाधिवक्ता/उप महाधिवक्ता, मध्यप्रदेश, जबलपुर/इन्दौर/ग्वालियर।
16. महालेखाकार, मध्यप्रदेश, ग्वालियर/भोपाल।
17. आयुक्त, जनसंपर्क, मध्यप्रदेश, भोपाल।
18. प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम, स्टेट आई.टी. सेन्टर, अरेरा हिल्स, भोपाल।
19. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, म.प्र. एजेन्सी फॉर प्रमोशन ऑफ इन्फारमेशन टेक्नोलॉजी, स्टेट आई.टी. सेन्टर, अरेरा हिल्स, भोपाल।
20. राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी, एन.आई.सी., विन्ध्याचल भवन, भोपाल।
21. प्रोजेक्ट एक्जिक्यूटिव, ई-मेल, मंत्रालय कम्प्यूटर ट्रेनिंग सेंटर, भोपाल ।

की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

06/07/2020

अवर सचिव
मध्यप्रदेश शासन
सामान्य प्रशासन विभाग